# गंगा एक्सप्रेस-वे को नवंबर तक हर हाल में पूरा किया जाए : योगी

**निरीक्षण**


मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को निर्माणाधीन गंगा एक्सप्रेसवे का निरीक्षण किया।

**हरदोई/शाहजहांपुर/हापुड़, हिटी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्माणाधीन गंगा एक्सप्रेसवे का भ्रमण कर यूपीडा, निर्माण में जुटी एजेंसियों को उच्च गुणवत्ता के साथ समय सीमा में एक्सप्रेसवे को तैयार करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि गंगा एक्सप्रेस-वे नवंबर 2025 तक हर हाल में पूरा कर लें।

मुख्यमंत्री ने एक्सप्रेसवे पर ग्रुप-1 और ग्रुप-2 के तहत हो रहे निर्माण कार्य की प्रगति पर संतोष जताया, जबकि ग्रुप-3 और ग्रुप-4 के तहत चल रहे निर्माण कार्य में तेजी लाने को कहा। मुख्यमंत्री ने स्वयं एक्सप्रेसवे पर कार से यात्रा (राइड) की और क्वालिटी पर खुशी जताई। उन्होंने पहली बार एक्सप्रेसवे में उपयोग में लाई जा रही जर्मन तकनीक को भी विस्तार से समझा। मुख्यमंत्री ने कार्य कर रहे श्रमिकों से भी मुलाकात की और उनके साथ फोटो शूट भी कराया। मुख्यमंत्री ने तीन जनपदों में गंगा एक्सप्रेसवे के निर्माण कार्य की प्रगति को देखा। योगी सबसे पहले वह हरदोई के बिलग्राम में गए, यहां से जलालाबाद बदायूं-हरदोई में भी भ्रमण किया। अंत में गढ़मुक्तेश्वर के तहत मेरठ-बदायूं ग्रुप-1 पर पहुंचे। शाहजहांपुर में एयरस्ट्रिप पर नाइट लैंडिंग की तैयारी है। गंगा एक्सप्रेसवे पर पहली बार मुख्यमंत्री योगी की मौजूदगी में नाइट लैंडिंग की योजना है। सीएम आज रायबरेली में एक्सप्रेस वे का निरीक्षण कर सकते हैं।

➤ श्रमिकों से मुलाकात P15